भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या– 2219
दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

मंत्रालय में रिक्त पद

2219. **श्री जगदीश चंद्रा बर्मा बसुनिया:**
डॉ. शर्मिला सरकार:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने के कृपा करेंगे कि:

(क) विदेश मंत्रालय में आरक्षित पदों सहित स्वीकृत पदों और भरे गए पदों की श्रेणी-वार संख्या कितनी है;
(ख) वर्ष 2014 से अब तक मंत्रालय में रिक्तियों की वर्ष-वार और श्रेणी-वार संख्या कितनी है; और
(ग) वर्ष 2014 से अब तक नियुक्त संविदा कर्मचारियों की वर्ष-वार और श्रेणी-वार संख्या कितनी है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्तवर्धन सिंह]

(क और ख) दिनांक 01 दिसंबर 2025 तक की स्थिति के अनुसार, मंत्रालय में समूह क, ख, और ग सेवाओं में कुल संस्वीकृत पदसंख्या 5986 है। इसके अलावा, मंत्रालय में स्थानीय संवर्ग स्टाफ़ संख्या 3161 है। मंत्रालय में विभिन्न स्तरों पर रिक्त पदों को फीडर संवर्गों से सीधी भर्ती और पदोन्नति से भरा जाता है। मंत्रालय अन्य मंत्रालयों/विभागों के अधिकारियों को भी प्रतिनियुक्ति पर तैनात करता है। वर्तमान में मंत्रालय में आवश्यकता के अनुसार परामर्शदाताओं के रूप में पेशेवरों और विशेषज्ञों को नियुक्त किया गया है। सामान्यतः विभिन्न पदाधिकारियों के प्रस्थान और उनके उत्तराधिकारियों की तैनाती के बीच अंतराल को कम से कम रखा जाता है। तथापि, चूंकि तैनाती श्रृंखलाओं में अक्सर कई अधिकारी शामिल होते हैं, इसलिए मुख्यालय या विदेशों में स्थित मिशनों/केन्द्रों में अल्पकालिक रिक्तियां उत्पन्न हो सकती हैं। रिक्तियों की सटीक संख्या निर्धारित करना संभव नहीं है क्योंकि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें कुछ अधिकारी प्रभार छोड़ रहे होते हैं और अन्य पदाधिकारी भिन्न-भिन्न समय पर कार्यभार संभाल रहे होते हैं। मंत्रालय नियमित रूप से विदेशों में स्थित मिशनों और केन्द्रों तथा मुख्यालय में विभिन्न स्तरों पर जनशक्ति की आवश्यकता की समीक्षा करता है और क्रमशः संघ

लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग को आवश्यक मांगपत्र भेजकर अतिरिक्त अधिकारियों और कर्मचारियों की भर्ती सहित उचित कार्रवाई करता है।

(ग) वर्ष 2014 से अब तक संविदा पर तैनात किए गए कर्मचारियों की वर्ष वार संख्या इस प्रकार है:

वर्ष	**संविदा/नियोजित कर्मचारी**
2014	303
2015	344
2016	369
2017	400
2018	410
2019	421
2020	430
2021	561
2022	647
2023	530
2024	355
2025	343

* मंत्रालय में श्रेणीवार आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

*****